हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार 12 मई 2026

तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 कल होगी निकाय चुनावों की मतगणना, स्टाफ के लिए कराई रेंडमाइजेशन प्रक्रिया



12 झमाझम बारिश से कूल हुआ मौसम, बाद में उमस ने जमकर निकाला पसीना






## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**कुंड।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइवे पर कुंड के पास हुए हादसे के बाद गत 21 अप्रैल को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के अमरपुरा निवासी चालक मातादीन को गिरफ्तार किया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर आरोपी को रिहा कर दिया गया।

### अवैध शराब के साथ पकड़ा एक आरोपी

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि यूपी के कायस्थान हसनपुर निवासी गौरव किराए के कमरे में रह रहा है। वह अवैध रूप से शराब की बिक्री करता है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। उसके कब्जे से पुलिस ने देशी शराब के 450 पव्वे बरामद किए। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया। बाद में आरोपी को निजी मुचलके के आधार पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक आरोपी काबू

**कोसली।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता को परेशान करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शिकायत के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। समझौता नहीं होने के बाद पुलिस ने ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ 3 मई को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने दिल्ली के नजफगढ़ निवासी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### होटल पर खाना खाने के बाद लापता

**बावल।** कसोला चौक के निकट एक होटल पर खाना खाने के बाद ट्रैक्टर चालक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में सिरसा निवासी अजीत ने बताया कि वह ट्रैक्टर से तूड़ी सप्लाई का कार्य करता है। उसके ट्रैक्टर पर सिरसा निवासी रविदास चालक है। कसोला चौक पर एक होटल पर खाना खाने के बाद चालक रविदास अचानक लापता हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी।

### पांच माह से लापता किशोरी का सुराग नहीं लगा

**बावल।** थाना क्षेत्र के एक गांव में किराए के मकान में रह रहे परिवार की 15 साल की बेटी का लगभग 5 माह से कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस शिकायत में यूपी निवासी महिला ने बताया था कि उसकी बेटी गत 21 जनवरी को शाम के समय बिना बताए कहीं चली गई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद उसका पता लगाने के प्रयास किए, लेकिन पांच माह बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा है। परिजनों ने पुलिस से लड़की का पता लगाने की गुहार लगाई है।

*कल मतगणना के साथ ही तस्वीर हो जाएगी साफ, दोनों निकाय में भाजपा की जीत की संभावना ज्यादा*

# हार-जीत का गणित बैठाने में व्यस्त रहे प्रत्याशी वोट प्रतिशत में कमी को लेकर चर्चाएं जोरों पर

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

मतदान प्रकिया पूरी होने के साथ ही प्रत्याशियों ने अब हार-जीत का गणित लगना शुरू कर दिया है। जातिगत आंकड़ों से लेकर वार्ड वाइज हुए मतदान के आधार पर चेयरमैन पद के लिए हार-जीत के समीकरण लगाए जा रहे हैं। नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका दोनों में भाजपा की जीत के कयास लगाए जा रहे हैं। साथ ही शहर में मतदान का कम प्रतिशत भाजपा और कांग्रेस दोनों की परेशानी बढ़ा रहा है। वर्ष 2020 के निकाय चुनावों में नगर परिषद चुनाव में मत प्रतिशत 69.9 रहा था, जबकि धारूहेड़ा नगर पालिका के लिए 73.78 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। यह चुनाव कोरोना काल में हुए थे। इसके बावजूद मत प्रतिशत ठीक-ठाक रहा था। इससे पहले हुए चुनाव में नगर परिषद का मत प्रतिशत 6.8 प्रतिशत और नगर पालिका का 4.9 प्रतिशत अधिक रहा था। कोरोनाकाल में मतदान के प्रति लोगों का काफी उत्साह देखने को मिला था, परंतु इस बार स्थिति विपरीत रही। धारूहेड़ा नगर पालिका चुनाव में मतदाताओं ने सुबह के समय जितना जोश दिखाया, शाम के समय उतना ही जोश ठंडा पड़ गया। नगर परिषद चुनाव में मतदाताओं का उत्साह गायब रहा। कई बूथों पर मतदान अधिकारी वोटरों के आने का इंताजर करते रहे। शाम के समय ही बूथों पर मतदाताओं की लाइनें देखी गईं। परिणाम यह रहा कि शहर में पिछले चुनाव की तुलना में 4.3 और धारूहेड़ा में 1.7 प्रतिशत कम मतदाताओं ने अपने वोट का इस्तेमाल किया। मत प्रतिशत में आई कमी किस दल का खेल बिगाड़ेगी, इस पर राजनीतिक विश्लेषक भी लगातार चर्चा करने में लगे हुए हैं।




रेवाड़ी। नगर परिषद कार्यालय की फोटो। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेस खुद को मान रही फायदे में

कांग्रेसी नेताओं और उनके समर्थकों का मानना है कि भाजपा को उसी चुनाव में जीत मिलती है, जिसमें मतदान प्रतिशत बढ़ता है। बढ़ा हुआ मतदान प्रतिशत ही भाजपा को फायदा पहुंचाता है। इस चुनाव में मतदान प्रतिशत कम हुआ है, जिसका नुकसान भाजपा को ही उठाना पड़ेगा। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह मतदान प्रतिशत में कमी को लेकर इसी तरह का बयान दे चुके हैं। पार्टी के अन्य समर्थक भी इसी उम्मीद के साथ परिणाम का इंतजार कर रहे हैं।

### बदलाव के लिए बढ़ता प्रतिशत

*मत प्रतिशत में कमी को लेकर भाजपा उत्साहित बनी हुई है। भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली का मानना है कि वोट प्रतिशत में वृद्धि बदलाव का परिचायक होती है। चूंकि नगर परिषद चेयरमैन पहले भी भाजपा की रही है, इसलिए मतदाताओं ने बदलाव का मन नहीं बनाया। उन्होंने दावा किया भाजपा प्रत्याशियों की जीत बड़े मार्जिन से होने वाली है। भाजपा कार्यकर्ता जीत के प्रति आश्वस्त हैं।*

### इन वार्डों में कम-ज्यादा पड़े मत





शहर के वार्ड नं. 13 में सर्वाधिक 74.38 प्रतिशत वोट डाले गए, जबकि 51.07 प्रतिशत मतों के साथ वार्ड नं. 19 के मतदाताओं ने खास उत्साह नहीं दिखाया। इसी तरह धारूहेड़ा नगर पालिका के बूथ नं. 21 पर सर्वाधिक 86.89 प्रतिशत वोट डले, जबकि वार्ड नं. 53.87 प्रतिशत मतों के साथ वार्ड नं. 1 सबसे फिसड्डी साबित हुआ। वार्ड नं. 6 में 59.07 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया।

## फरार चल रहा आरोपी चढ़ा पीओ स्टाफ के हत्थे



रेवाड़ी। गिरफ्तार किया गया कोर्ट से घोषित पीओ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

चेक बाउंस मामले में कोर्ट से घोषित किए जाने के बाद फरार चल रहे एक पीओ को पीओ स्टाफ ने गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे कोर्ट के समक्ष पेश कर दिया गया। पीओ स्टाफ एसआई लाल चंद ने बताया कि आरोपी रामगढ़ निवासी हरीश कुमार काफी दिनों से चेक बाउंस के एक मामले में अदालत में पेश नहीं हो रहा था। बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ, तो उसे पीओ घोषित कर दिया गया था। कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ अवमानना का केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीओ स्टाफ ने आरोपी हरीश को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया।

## दो किसानों के नलकूप से बिजली की केबल ले गए चोर

**कोसली।** मलेशियावास गांव में चोर एक किसान के ट्यूबवेल पर सिंचाई के लिए लगी दो मोटरों की केबल काट कर ले गए। गांव में कृषि भूमि लेकर रह रहे धारोली के किसान नरेन्द्र ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी जमीन गांव मलेशियावास में है।

रविवार सुबह खेत में गए तो सोलर पैनल की मोटर की 40 मीटर की डोरी व बिजली कनैक्शन की 85 फीट की डोरी गायब मिली। जिन्हें अज्ञात चोर काट कर ले गए। एक अन्य मामले में कोसली गांव के एक किसान ने अपने मलेशियावास से मारकपुर रोड़ पर स्थित खेत से ट्यूबवेल की केबल चोरी का मामला कोसली थाने में दर्ज कराया है। किसान रवि यादव ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उन्होंने मलेसियावास से मारकपुर रोड़ पर जमीन माल बटाई पर ले रखी है। जिसमें लगे ट्यूबवेल से शनिवार रात अज्ञात चोर बोरिंग से लेकर स्टार्टर तक की बिजली की 30 फीट लंबी केबल काट कर ले गए। किसानों की शिकायत पर पुलिस ने मौके की जांच के बाद अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज किया है।

# कोसली अनाजमंडी में गेहूं की आवक थमी अब तक तीन लाख क्विंटल की हुई खरीद

- कोसली मंडी सरसों की खरीद 31 मई तक बढ़ा दी गई, गेहूं की खरीद 15 मई को बंद हो जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली अनाजमंडी में गेहूं की आवक बिल्कुल धीमी हो गई है। सोमवार को मंडी में 284 क्विंटल गेहूं के 9 गेट पास जारी किए गए। मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू होने के बाद से मंडी में अब तक 309791 क्विंटल गेंहू की आवक हो चुकी है। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि कोसली मंडी में शनिवार तक 307958 क्विंटल गेंहू की खरीद हो हुई थी। सोमवार को शाम तक 292 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। मंडी से गेहूं के 591134 कट्टों यानि 295567 क्विंटल का उठान हो चुका है। करीब 13 हजार क्विंटल गेंहू का उठान होना बाकी हैं। मंडी में सरसों की अब तक आवक 17986 क्विंटल ही हुई है। सरसों की आढ़तियों की ओर से प्राइवेट खरीद की गई है। कोसली मंडी में गत वर्ष 214161 क्विंटल गेंहू की आवक हुई थी। अब तक 95630 क्विंटल गेंहू की आवक ज्यादा हुई है।

पिछले वर्ष सरसों की आवक 411857 क्विंटल हुई थी, जिसकी सरकारी खरीद की गई थी। इस बार ओपन बाजार में सरसों के भाव अधिक होने के कारण सरकारी खरीद बिल्कुल नहीं हो पाई। मार्केट कमेटी के सचिव ने बताया कि कोसली मंडी सरसों की खरीद 31 मई तक बढ़ा दी गई है। गेहूं की खरीद 15 मई को बंद हो रही है।



रेवाड़ी। आवक कम होने व उठान होने पर खाली पड़ी कोसली मंडी। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेस नेत्री दीपिका का हालचाल जानने पहुंचे बृजेंद्र

खोरी। पूर्व सांसद व कांग्रेसी नेता चौ. बृजेंद्र सिंह सोमवार को टींट गांव में एआईसीसी महिला विंग की संयोजक दीपिका लवली यादव का हालचाल जानने के लिए पहुंचे। इस मौके पर ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का जोरदार स्वागत किया। बृजेंद्र सिंह दोपहर के समय दीपिका के घर पहुंचे। उनके पहुंचने की सूचना मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां एकत्रित हो गए। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान बृजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है। पार्टी के हर कार्यकर्ता को मेहनत करनी होगी, ताकि आने वाले समय में भाजपा जैसी जनविरोधी सरकार को सत्ता से बाहर किया जा सके। इस मौके पर पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव, भरत सिंह हरचंदपुर, लवली यादव, पार्षद दलीप, रजिया बानो सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।



खोरी। दीपिका का हालचाल जानने पहुंचे चौ. बृजेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर अहीर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षणों की याद दिलाया

- यह दिन भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों, नवाचार और आत्मनिर्भरता को समर्पित है
- उद्देश्य युवाओं को विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर के लिए प्रेरित करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के वार्षिक कार्य योजना के अनुसार सोमवार को जिला रेवाड़ी के अहीर कॉलेज में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी सचिव डा. रेनू सोलखे ने बताया कि हर साल 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है, जो 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षणों की याद दिलाता है। यह दिन भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों, नवाचार और आत्मनिर्भरता को समर्पित है, जिसका उद्देश्य युवाओं को विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर के लिए प्रेरित करना है। सचिव ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेवाड़ी द्वारा एक हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 व इसके अलावा उच्चतम न्यायालय द्वारा टोल फ्री नंबर 15100 चलाया हुआ है, जिस पर आम जन किसी भी प्रकार के कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम चीफ हरीश कुमार शर्मा ने बताया कि इसकी शुरूआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने 1999 में की थी और 2026 में एआई, अंतरिक्ष विज्ञान, रक्षा प्रौद्योगिकी और स्वदेशी नवाचारों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। यह दिन स्वदेशी तकनीक और वैज्ञानिक प्रगति के माध्यम से एक आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।




रेवाड़ी। अहीर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

### साइबर फ्रॉड की जानकारी तुरंत दें

साइबर पुलिस स्टेशन से सब इंस्पेक्टर प्रिंस ने बताया कि किसी भी प्रकार का साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत पुलिस या साइबर अपराध विभाग में शिकायत दर्ज करें। इसके अलावा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर भी सहायता ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि लंबे, जटिल और अद्वितीय पासवर्ड बनाएं, अज्ञात प्रेषकों से आने वाले ईमेल में किसी भी लिंक पर क्लिक न करें या अटैचमेंट डाउनलोड न करें, क्योंकि ये मैलवेयर फैला सकते हैं, ऑनलाइन या फोन पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करते समय सतर्क रहें। जागरूकता कैंप में काफी संख्या में छात्र एवं छात्राएं तथा अध्यापक गण उपस्थित थे।

### जैनाबाद में बाइक की टक्कर लगने से वृद्ध की मौत

**डहीना।** जैनाबाद गांव में रविवार की रात बाइक की टक्कर लगने से एक वृद्ध की मौत हो गई। डहीना पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। गांव निवासी लगभग 70 वर्षीय भगवान सिंह रात को प्लॉट से अपने घर की ओर पैदल जा रहा था। कुछ दूर चलते ही एक बाइक ने भगवान सिंह को टक्कर मार दी। इस हादसे में भगवान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे रेवाड़ी अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद डहीना पुलिस चौकी स्टाफ ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के बेटे राहुल के बयान पर पुलिस ने गांव की एक बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज करते हुए शव का पोस्टमार्टम करा दियाञ पुलिस बाइक चालक की तलाश कर रही है।

हरिभूमि
सहेली

विशेष
अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस, 15 मई



# बचपन को शीतल छांव देते पारिवारिक मूल्य

इस बार अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की थीम है- परिवार, असमानताएं और बाल कल्याण। बाल कल्याण के लिए आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक समानता का परिवेश बहुत जरूरी है। इसके लिए जरूरी है, परिवार में पारिवारिक मूल्य हों। इस तरह के स्वस्थ और खुशगवार माहौल में बच्चे अपने आपको सुरक्षित महसूस करेंगे, उनका सर्वांगीण विकास होगा।

कवर स्टोरी
**डॉ. मोनिका शर्मा**

छीजते पारिवारिक मूल्य आज एक बड़ी चिंता बन गए हैं। इसका सबसे बड़ा खामियाजा नई पीढ़ी को भोगना पड़ रहा है। परिवार के बिखराव ने बच्चों से बड़ों का स्नेह और सहज सुरक्षा की छांव छीन ली है। आपाधापी में गुम अभिभावक और छोटे होते जाते परिवारों के इस दौर में बच्चों की मासूमियत खो रही है। बालमन की मनुहार करने का माहौल कहीं गुम हो गया है। सही मार्गदर्शन देने वाला अपनेपन का परिवेश नहीं बचा है। वर्ष 2026 में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस की थीम फैमिली सिस्टम के बदलते पैटर्न और बचपन को सहेजने वाले विषय पर ही केंद्रित है। इस साल का विषय 'फैमिलीज, इनइक्वेलिटी एंड चाइल्ड वेलबीइंग' है। असल में परिवार, असमानता और बच्चों का वेलफेयर आपस में गहराई से जुड़े हैं। ऐसे में पारिवारिक मूल्य और सामंजस्यपूर्ण परिवेश ही नई पीढ़ी को सही सुरक्षा और संबल दे सकता है।

## पारिवारिक मूल्यों से जुड़ी सुरक्षा

चाइल्ड वेलबीइंग का सबसे अहम पहलू है- सुरक्षा। बच्चों की हिफाजत के मोर्चे पर परिवार की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है। नवजात की देखभाल से लेकर टीन एज के बदलावों भरे पड़ाव तक, अपने आंगन में मिली सुरक्षा की छांव से बढ़कर कुछ नहीं होता। हर परिस्थिति में परिवारजनों से मिला स्नेह अनमोल होता है। तकलीफदेह है कि सुरक्षा का यह साया अब सिमट रहा है। पारिवारिक मूल्य का खत्म होना इसकी सबसे बड़ी वजह है। ध्यान रहे कि परिवार से मिले जीवन मूल्य बच्चों का मन थामने का काम करते हैं। बड़ों के बर्ताव में बच्चों की सेफ्टी से जुड़ा भाव लाते हैं। इस वैल्यू सिस्टम के खत्म होने से बच्चों में अपराध, अकेलापन, अवसाद और आत्महत्या के आंकड़े बढ़े हैं। यह स्थिति समग्र समाज में भयभीत करने वाली है। वहीं दूसरी ओर बहुत से परिवारों में अपने ही बच्चों के मन-जीवन को घाव देने लगे हैं, जिससे अविश्वास का परिवेश बन रहा है। कुल मिलाकर पारिवारिक मूल्यों के फीके पड़ते रंग नई पीढ़ी को असुरक्षा के स्याह घेरे में ला रहे हैं। सामने आने वाली घटनाएं भी बताती हैं कि असमानता को झेलने वाले कमजोर परिवारों में बच्चे अधिक असुरक्षित होते हैं। निम्न आय वर्ग वाले घरों में पैरेंट्स अपने बच्चे की शिक्षा और मूल्यों से पहले रोजी-रोटी के बारे में सोचते हैं। यही वजह है कि चाइल्ड वेलबीइंग के लिए आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक समानता का परिवेश भी आवश्यक है।

## सरोकारी सोच का बल

इंटरनेशनल-डे ऑफ फैमिलीज, परिवार के प्रति प्रेम और समर्पण को रेखांकित करने के साथ ही सामाजिक संरचना में परिवार की भूमिका को याद करने के लिए भी मनाया जाता है। पारिवारिक मूल्य ही सोशल सिस्टम में परिवार के रोल को महत्वपूर्ण बनाते हैं। देखने में आ रहा है कि पारिवारिक मूल्यों का सिमटना, सरोकारी सोच और समानता के भाव को भी कम कर रहा है। किसी भी स्तर पर असमानता और जिम्मेदार सोच की कमी व्यक्तिगत जीवन ही नहीं, समाज और देश के लिए भी नुकसानदेह है। ऐसे में समाज, देश और स्वयं इंसानों के अस्तित्व को बचाने के लिए भी पारिवारिक मूल्यों को बचाना आवश्यक है। फैमिली सिस्टम में समानता का होना, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर सहजता का परिवेश बनाता है। 'जरनल ऑफ एडोल्सेंस' में छपी रिसर्च के मुताबिक गरीब पृष्ठभूमि वाले परिवार के बच्चों को विशेष मदद की दरकार होती है। ऐसे बच्चे जानकारी जुटाने में भी कमजोर होते हैं। उनमें भावनात्मक और व्यावहारिक परेशानियां अधिक होती हैं। अभावों के बीच पलने वाले बच्चे डिप्रेशन और एंग्जाइटी के ज्यादा शिकार हो सकते हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में सरोकारी समझ पोसने के साथ ही आय, शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल की इनइक्वेलिटी मिटाने का संदेश देने वाली इस वर्ष की थीम बहुत अहम है। बच्चों को बेहतर जीवन देने के लिए समानता का धरातल बनाते हुए परिवारों को मजबूत सामाजिक और आर्थिक सहायता सिस्टम से जोड़ने के प्रयास भी किए जाएंगे। स्पष्ट है कि पारिवारिक सिस्टम को मजबूती दिए बिना बच्चों को सुरक्षित भविष्य नहीं दिया जा सकता। ऐसे में जिन परिवारों के हालात कमजोर हों, समाज की सरोकारी सोच हर तरह से सहारा दे सकती है।

## चुनौती और चेतावनी

आज के समय में एक ओर पारिवारिक मूल्यों को बचाना चुनौती है तो दूसरी ओर इनसे बढ़ती दूरी एक बड़ी चेतावनी है। इस स्थिति से जूझने के लिए हर परिवार को अवेयर होना होगा। नई पीढ़ी को पारिवारिक मूल्यों के सिखाने के साथ ही, सामाजिक लेवल पर भी बराबरी और आपसी समझ का परिवेश बनाना होगा। यूं भी अच्छे पारिवारिक मूल्य ही अच्छा समाज बनाते हैं। सशक्त समाज ही मजबूत राष्ट्र बनाता है। आम से लगने वाले ये नैतिक दिशा-निर्देश सदा से ही खास मानवीय भावों को खाद-पानी देते हैं। स्वस्थ जीवन और स्पष्ट-सधी सोच वाले नागरिक बनाते हैं। मौजूदा दौर की अधिकतर समस्याओं का हल फैमिली सिस्टम के जुड़ाव से निकाला जा सकता है।

### मनोबल बढ़ाते पारिवारिक मूल्य

बाल कल्याण और विकास के लिए ही नहीं, बच्चों के दिलो-दिमाग को सही दिशा देने के लिए भी पारिवारिक मूल्य बहुत महत्वपूर्ण हैं। परिवार से मिले संस्कार बच्चों का व्यक्तित्व और विचार दोनों बनाते हैं। पारिवारिक संस्कार न केवल चुनौतियों का सामना करने बल्कि दूसरों की भावनाओं की कद्र करने की संवेदनशीलता भी लाते हैं। इमोशनली स्वस्थ रखते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अध्ययन के मुताबिक बच्चे हों या वयस्क, परिवार का समर्थन दोनों के भावनात्मक स्वास्थ्य से जुड़ा एक महत्वपूर्ण फैक्टर है। परिवार ही बच्चों को सोशल स्किल्स सीखाता है। परिवार से मिलने वाले गाइडलाइंस अपने देश से जोड़ने वाली सही समझ पोसते हैं। बच्चों को पालन-पोषण की जिम्मेदारी उठाने के साथ आगे बढ़ने के लिए संसाधन भी परिवार ही देता है। फैमिली से मिला साथ-स्नेह और मार्गदर्शन देश के भावी नागरिकों के जीवन को मनोबल की मजबूत बुनियाद देता है। हार्वर्ड स्टडी ऑफ एडल्ट डेवलपमेंट का रिसर्च कहता है कि परिवार के नजदीकी संबंध इंसान को खुशहाल बनाते हैं। फिर नई पीढ़ी के लिए तो परिवार ही पूरा संसार होता है। इस संसार में करीबी अपनों से मिली हर सार्थक सीख जिंदगी को हिम्मत से जीने का बल देती है। नेशनल काउंसिल ऑफ फैमिली रिलेशंस के मुताबिक, 'पारिवारिक मूल्य इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि वे सुरक्षा, मार्गदर्शन, स्नेह और समर्थन के स्रोत के रूप में एक आधार प्रदान करते हैं। पारिवारिक मूल्य सिखाकर बच्चों को भविष्य में गलत निर्णय लेने से बचाया जा सकता है।'



# मिड एज में दिखेंगी स्मार्ट

अकसर बढ़ती उम्र में महिलाएं सोचने लगती हैं कि अब सजने-संवरने की उम्र बीत गई, अब सजे-संवरे तो लोग क्या कहेंगे? लेकिन आप अगर स्मार्ट लुक मेंटेन करती हैं तो आपकी पर्सनालिटी निखरने के साथ ही आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ेगा। इसके लिए क्या करें, जानिए।



जीवनशैली
**प्रतिभा अग्निहोत्री**

अकसर 45-50 की उम्र पार करते ही महिलाएं यह कहते सुनी जाती हैं, 'अरे इस उम्र में क्या सजना-संवरना!' देखा जाए तो उम्र सिर्फ एक नंबर होता है, आप किसी भी उम्र की हों सजना, संवरना, फैशनेबल ड्रेस पहनना न सिर्फ आपका अधिकार है बल्कि आपके व्यक्तित्व में चार चांद लगाने के लिए भी बहुत आवश्यक है। उम्र के हर पड़ाव पर मौसम, फैशन और अवसर के अनुकूल स्टाइल करके आप हर कहीं स्मार्ट-अट्रैक्टिव दिख सकती हैं।



**उम्र को भूल जाएं:** कोई ड्रेस पहनते समय अपनी उम्र को याद रखने की जगह इसे भूल जाएं। जो भी फैशन और स्टाइल करने का आपका मन कर रहा है, उसे बिना हिचक के अपनाएं। लोग क्या कहेंगें की परवाह किए बिना अपने दिल की सुनें, क्योंकि आप चाहे जो भी करें लोगों को तो कुछ न कुछ कहना ही होता है।

**मनमाफिक हो ड्रेस कलर:** मिड एज की महिलाएं आमतौर पर मानती हैं कि इस उम्र में डार्क कलर्ड ड्रेसेस अच्छी नहीं लगती हैं। ऐसी सोच सही नहीं है। आप ब्लैक, नेवी ब्लू, मैरून और डार्क ग्रीन जैसे कलर्स की ड्रेसेस बेफिक्र होकर पहनें। ये आप पर बहुत फबेंगे। ध्यान रखिए कि उम्र का रंग से कोई संबंध नहीं होता। आप हर उस कलर की ड्रेस को पहन सकती हैं, जो आपको पसंद हो और आपकी पर्सनालिटी को आकर्षक बनाए।

**अपने वजन पर रखें कंट्रोल:** उम्र बढ़ने के साथ-साथ अकसर महिलाएं अपने बढ़ते वजन के प्रति भी लापरवाह हो जाती हैं। अपनी डाइट को कंट्रोल में रखने के साथ-साथ प्रतिदिन योगा, वॉकिंग और व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, जिससे आपका शरीर एक्टिव और वजन नियंत्रण में रहेगा। इससे हर तरह की ड्रेस आप पर सूट करेगी। आप स्मार्ट नजर आएंगी।

**फैशन का रखें ध्यान:** आजकल बड़े ज्योमेट्रिकल, फ्लोरल और पोल्का डॉट्स प्रिंट के साथ-साथ हैवी एंब्रॉयडरी वाले प्रिंट्स वाली ड्रेसेस भी खूब चलन में हैं। आप इनमें से किसी भी प्रिंट के आउटफिट का चुनाव कर सकती हैं। आजकल कोर्ड सेट भी फैशन में हैं, इन्हें पहनकर आप फैशनेबल ही नहीं स्टाइलिश भी लगेंगी।

**हेयर स्टाइल से नया लुक:** आउटफिट के साथ-साथ हेयर स्टाइल पर भी ध्यान देना बहुत जरूरी है। आमतौर पर मिडएज महिलाएं चोटी या जूड़ा बांधना पसंद करती हैं। इसकी जगह खुले बाल या लेयर्ड और शॉर्ट हेयर कट से आप अपने बालों को नया लुक दे सकती हैं। इससे बढ़ी उम्र में भी आप यंग और स्मार्ट लगेंगी। बालों के वॉल्यूम को बढ़ाने के लिए हमेशा अच्छे ब्रांडेड हेयर प्रोडक्ट्स का ही प्रयोग करें। इससे आपके बाल कमजोर नहीं होंगे और उनकी शाइन बनी रहेगी, जो आपकी बढ़ी उम्र को कम करके दिखाएगी।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

- मेकअप ऐसा करें, जो आपके कॉम्प्लेक्शन को निखारे और आपकी पर्सनालिटी को यंग लुक दे।
- अपने आउटफिट और अवसर के अनुकूल ऑक्सिडाइज्ड, गोल्ड, सिल्वर या एंटीक ज्वेलरी पहन सकती हैं।
- आपके ओवरऑल लुक पर फुटवियर भी अफेक्ट करता है, आप ब्लॉक हील, हाई हील, किटेन हील या फिर स्नीकर्स को पहन सकती हैं।
- मिड एज में भी आप अपनी कोई भी मनपसंद आउटफिट पहन सकती हैं, बशर्ते उसे पहनकर अपने आत्मविश्वास को बनाए रखें।
- आउटफिट से मैच करता कोई भी स्लिंग या साइड बैग आपकी लुक को यंग टच देगा।

लिविंग रूम घर का एक ऐसा स्थान होता है, जहां पर फैमिली मेंबर्स आराम से बैठकर टाइम स्पेंड करते हैं, रिलैक्स होते हैं। अगर आप चाहती है आपका लिविंग रूम, कंफर्टेबल होने के साथ स्टाइलिश भी दिखे तो यहां दिए जा रहे सजेशंस आपके लिए यूजफुल हो सकते हैं।

# स्टाइल-कंफर्ट का कॉम्बिनेशन आपका लिविंग रूम दिखेगा अट्रैक्टिव

इंटीरियर
**ललिता गोयल**



अगर घर में सुकून के कोने की बात करें तो वह लिविंग रूम ही होता है। लिविंग रूम किसी भी घर का दिल होता है। यही वह जगह होती है, जहां न केवल आप मेहमानों का स्वागत करती हैं, शाम या फुर्सत के पलों में परिवार के साथ सुकून के पल बिताती हैं। दिन भर की बातों को एक-दूसरे के साथ शेयर करते हैं। ऐसे में घर के इस खास जगह का इंटीरियर सुकून भरा होना और स्पेशल होना भी जरूरी हो जाता है। आइए जानते हैं कुछ आसान तरीके, जिनसे आप अपने लिविंग रूम को बना सकती हैं, स्टाइल और सुकून का परफेक्ट कॉम्बिनेशन।

**कुशन कवर:** लिविंग रूम को हल्के और कंट्रास्ट कलर के अलग-अलग टेक्सचर और पैटर्न वाले कुशन कवर से रिच लुक दें। यह बदलाव पूरे कमरे की वाइब बदल देता है।

**फर्नीचर का प्लेसमेंट:** लिविंग रूम का फर्नीचर ऐसा रखें, जो आपस में कलेक्टेड हो लेकिन यह रूम में चलने-फिरने की जगह को न रोके।

**कलर ऑप्शस:** अगर लिविंग रूम छोटा है, तो व्हाइट, क्रीम या लाइट ग्रे कलर चुनें। इससे कमरा बड़ा और प्यारा दिखता है।

**दीवारें:** खाली दीवारें रूम को बोरिंग बनाती हैं। दीवारों पर पुराने फोटो फ्रेम या प्रिंटेड पोस्टर लगाएं। आप फैमिली फोटो का कोलाज या कुछ बजट-फ्रेंडली पेंटिंग्स से भी डेकोरेट कर सकती हैं। पुरानी कांच की कुछ बोतलों को खुद से पेंट करके इनमें लाइट लगाकर अट्रैक्टिव बना सकती हैं।

**इंडोर प्लांट्स:** ग्रीनरी हमेशा लग्जरी फील देती है। इंडोर प्लांट्स न सिर्फ खाली कोनों को लाइटअप करते हैं, बल्कि हेल्थ के लिए भी बहुत अच्छे होते हैं। इसके लिए इंडोर प्लांट्स जैसे मनी प्लांट, स्नेक प्लांट या एलोवेरा एकदम परफेक्ट रहते हैं। ये न केवल हवा को शुद्ध करते हैं, बल्कि कमरे के खाली कोनों को एक नेचुरल और प्रीमियम लुक भी देते हैं। इंडोर प्लांट्स को पुराने चाइना कप में लगाकर सजाया जा सकता है। अगर जगह कम है, तो आप हैंगिंग पॉट्स का ऑप्शन भी चुन सकती हैं।

**मॉडर्न थीम:** यह थीम उन लोगों के लिए होती है, जो स्टाइल और लग्जरी पसंद करते हैं। इसमें डेकोरेशन का सामान सीधी लाइंस और जियोमेट्रिक आकारों का होता है। रंगों की बात करें तो ब्लैक, व्हाइट, ग्रे और मेटल (गोल्ड या क्रोम) फिनिश कलर्स का अधिक यूज किया जाता है। कम ऊंचाई वाले सोफे और कांच या मार्बल टॉप वाली टेबल्स से रूम को सजाया जाता है। यह थीम देखने में बहुत ही पॉलिश्ड और क्लासी लगती है।

**ट्रेडिशनल-एथनिक थीम:** अगर आपको भारतीय संस्कृति और कला से लगाव है और आप इस थीम से लिविंग रूम डेकोरेट करना चाहती हैं तो नक्काशीदार लकड़ी का फर्नीचर और पीतल के सजावटी सामान से लिविंग रूम को सजाएं। कमरे की दीवारों और फर्निशिंग का कलर डार्क और वाइब्रेंट जैसे मैरून, यलो, सेफ्रॉन या डार्क ग्रीन रखें। दीवारों पर मधुबनी या वारली पेंटिंग्स, फर्श पर हाथ से बुने कालीन और पारंपरिक दीए से रूम को सजाएं।

**मिनिमलिस्ट थीम:** यह थीम छोटे अपार्टमेंट्स के लिए बेहतरीन है। लिविंग रूम में केवल उतना ही फर्नीचर और सामान रखें, जितनी जरूरत हो। इससे कमरा बहुत खाली और शांत महसूस होता है। कमरे की दीवारों और फर्निशिंग के लिए व्हाइट, क्रीम और लाइट पेस्टल शेड्स का एक ही कलर चुनें।


**(इंटीरियर डिजाइनर मेघा शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

# स्किन की करें प्रॉपर केयर फेस रहेगा पिंपल्स-फ्री

स्किन केयर
**निधि गोयल**

आपकी त्वचा साफ-सुथरी और चमकदार तभी नजर आती है, जब आप अपनी त्वचा का ख्याल सही तरीके से रखती हैं। ज्यादातर महिलाएं अपनी त्वचा की देखभाल पर जरूरी ध्यान नहीं देती हैं, जिस कारण उनके चेहरे पर मुंहासे हो जाते हैं। ये मुंहासे फेशियल अपीयरेंस को बिगाड़ देते हैं। ऐसे में जरूरी है कि अपनी त्वचा की देखभाल ऐसे करें, जिससे आपकी त्वचा मुंहासों से बची रहे।

**फेसवॉश से चेहरे को साफ करें:** सबसे जरूरी है कि आप अपने चेहरे को नियमित अच्छी तरह से साफ करें। धूल, मिट्टी चेहरे पर चिपकने के कारण मुंहासे होने की आशंका बढ़ जाती है। आपको दिन में कम से कम दो बार चेहरा अच्छी तरह साफ करना चाहिए। त्वचा के अनुसार ही फेसवॉश का इस्तेमाल करें, क्योंकि सेंसिटिव स्किन पर हर तरह का फेस वॉश सूट नहीं करता है। अपनी त्वचा को ध्यान में रखते हुए फेस वॉश को खरीदें। बार-बार चेहरे को हाथों से छूने से बचें, क्योंकि जब आप चेहरे पर बार-बार हाथ लगाती हैं तो हाथों की गंदगी और बैक्टीरिया चेहरे की त्वचा पर लग जाते है। इससे मुंहासे होने का रिस्क बढ़ जाता है। इसलिए हाथों को बार-बार चेहरे पर न लगाएं।



**खूब पानी पिएं:** पानी पीना पूरे शरीर के लिए फायदेमंद होता है। आपको ध्यान रखना चाहिए कि पूरे दिन में आपको आठ से दस गिलास पानी पीना है। इससे आपकी बॉडी डिटॉक्स होती है। साथ ही शरीर में से विषैले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इससे त्वचा ग्लो करने लगती है और आपको मुंहासों से भी छुटकारा मिलता है। आपका चेहरा चमकदार और साफ नजर आने लगता है।

**लें न्यूट्रीशस डाइट:** अच्छी डाइट लेना हेल्थ के लिए ही नहीं, स्किन के लिए भी फायदेमंद होती है। यदि आप तला-भुना और जंक फूड ज्यादा खाती हैं तो इसका असर आपकी स्किन पर भी दिखने लगता है और आपकी त्वचा पर मुंहासे निकलने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि बाहर बिकने वाले स्ट्रीट फूड्स और जंक फूड्स का सेवन बंद कर दें। घर के बने ताजे, पौष्टिक खाने के अलावा फल और सब्जियों का भी अधिक सेवन करें।

**तकिए का कवर साफ रखें:** अकसर हम रोज जिन चीजों का इस्तेमाल कर रहे होते हैं, वो भी हमारे स्वास्थ्य पर असर डालती हैं। तकिए का कवर भी इनमें से एक है। कवर को दो-तीन दिन के अंतराल पर धो लेना चाहिए, जिससे तकिए के कवर पर जमा गंदगी और तेल आपके चेहरे पर न लग सके, क्योंकि इससे मुंहासे होने का रिस्क कम हो जाएगा।

**(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

अपनी या किसी अपने की तबियत खराब होने पर जब आप डॉक्टर के पास जाएं तो कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें। आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# जब जाएं डॉक्टर के पास रखें इन बातों का ध्यान

सजेशन
**प्रतिभा**

हम सभी को अकसर ही डॉक्टर के पास जाना पड़ता है। लेकिन कई लोग डॉक्टर के क्लीनिक या हॉस्पिटल जाते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान नहीं रखते हैं। इससे डॉक्टर या मेडिकल स्टाफ को परेशानी हो सकती है, आपके ट्रीटमेंट में असुविधा हो सकती है या आपके अगल-बगल बैठे दूसरे पेशेंट असहज महसूस कर सकते हैं। मिसाल के तौर पर कुछ महिलाएं हॉस्पिटल में भी ओवर मेकअप, एक्सपोजर वाली ड्रेसेस या स्ट्रॉन्ग स्मेल वाले परफ्यूम स्प्रे करके पहुंच जाती हैं। इन्हें देखकर ऐसा लगता है मानो वे किसी हॉस्पिटल में नहीं, फैशन शो या फंक्शन में आई हों। इसी तरह कुछ लोग अपनी बीमारी से जुड़े जरूरी कागजात, पुरानी प्रिस्क्रिप्शन या टेस्ट रिपोर्ट या मेडिकल हिस्ट्री लेकर नहीं जाते हैं। या डॉक्टर के पास ले जाना भूल जाते हैं। पर्याप्त जानकारी के अभाव में डॉक्टर को रोग समझने और इलाज शुरू करने में बहुत परेशानी होती है।

**रखें ध्यान:** आप जब भी किसी प्रकार की बीमारी का इलाज करवाने डॉक्टर के पास जाएं तो यहां बताई जा रही इन बातों का ध्यान अवश्य रखें।




- सबसे पहले अपनी मेडिकल फाइल के समस्त कागजों को अपडेट करें और इसे अपने साथ अवश्य ले जाएं, क्योंकि इसके माध्यम से ही डॉक्टर आपकी केस हिस्ट्री जानकर इलाज प्रारंभ कर सकेंगे।
- डॉक्टर के पास जाते समय ड्रेस सलीकेदार पहनें। बहुत टाइट या फैशनेबल ड्रेस पहनने से बचें।
- अगर आपको डेंटल प्रॉब्लम हो तो डेंटिस्ट के पास हमेशा मुंह अच्छी तरह साफ करके जाएं। दांतों के इलाज के दौरान आपको बार-बार पानी से कुल्ला करना पड़ता है, इसलिए अपने साथ एक रूमाल ले जाएं।
- फिजियोथेरेपिस्ट के पास जाते समय हमेशा लूज ड्रेसेस पहनें। साथ ही क्लोज्ड या हाईनेक गले का कुर्ता या ब्लाउज पहनकर न जाएं क्योंकि ऐसे में आपके कंधे और पीठ पर मशीन लगाने में डॉक्टर को परेशानी हो सकती है। फिजियोथेरेपी के लिए साड़ी पहनकर जाने से भी बचें। यदि आप सलवार-सूट नहीं पहनती हैं तो साड़ी के अंदर लेगिंग्स या पैंट पहनकर जाएं ताकि आप पैर और कमर की एक्सरसाइज के दौरान सहजता से ऊपर उठा सकें।
- गायनी संबंधित प्रॉब्लम होने पर गायनेकोलॉजिस्ट के पास जाने से पहले अपने प्राइवेट पार्ट्स को अच्छी तरह साफ करके और साड़ी पहनकर ही जाएं। इससे डॉक्टर को चेकअप करने में सुगमता रहती ही है।
- पैथोलॉजिकल टेस्ट करवाने जाते समय फुल स्लीव्स की टाइट ड्रेस के बजाय हाफ स्लीव या लूज ड्रेस पहनकर ही जाएं ताकि बांह से सुगमता से ब्लड सैंपल लिया जा सके।
- डॉक्टर के पास कभी-भी हैवी ज्वेलरी पहनकर और मेकअप करके न जाएं।
- एक्स-रे, सीटी स्कैन या एम.आर.आई. करवाने जाते समय किसी भी प्रकार की धातु का गहना, सेफ्टी पिन, हेयर पिन या हेयर बैंड आदि न पहनें।
- डॉक्टर के पास जाने से पहले घर पर शांति से बैठकर अपनी समस्याओं के बारे में अच्छी तरह सोच लें, ताकि आप डॉक्टर को विस्तार से अपनी समस्या के बारे में बता सकें। इसके आधार पर ही डॉक्टर आपका इलाज प्रारंभ कर सकेंगे। डॉक्टर को अपनी समस्या से जुड़ी छोटी से छोटी बात और लक्षण के बारे में जरूर बताएं।



**(जे. पी. हॉस्पिटल, भोपाल की गायनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर सुधा अस्थाना से की गई बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप

### गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**रेवाड़ी।** भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं लुप्त लोक कलाओं के संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज की ओर से महानिदेशक कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के माध्यम से गुरु शिष्य परंपरा प्रशिक्षण योजना के तहत लुप्त होती विभिन्न विद्याओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के उप-निदेशक अमित पंवार ने बताया कि उत्तर-मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा राज्य से लुप्त होती विधाओं के गुरु, संगतकार व शिष्यों को प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति भी प्रदान जाएगी। विधाओं में लोक गायन, लोकगाथा, लोक चित्रकला, दुर्लभ वाद्य यंत्र, लोक नृत्य आदि विधा शामिल है। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के लिए आयु 50 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए तथा संबंधित क्षेत्र में 20 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उन्होंने बताया कि गुरु, संगतकार व शिष्यों को क्रमशः 7500 रुपए, 3750 रुपए व 1500 रुपये प्रतिमाह की दर से छात्रवृति भी प्रदान जाएगी।

### एआईकेकेएमएस कार्यकर्ताओं ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

# अस्पताल के लिए आंदोलन करने वाले वृद्धों का किया गया सम्मान

- रामगढ़ भगवानपुर में अस्पताल की मांग पर चल रहा था आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रामगढ़ भगवानपुर में अस्पताल निर्माण की मांग को लेकर किए गए आंदोलन की समाप्ति के बाद सोमवार को गांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एक ओर जहां सीएम नायब सिंह सैनी का आभार जताया गया, तो दूसरी ओर धरने में भाग लेने वाले वृद्धों को भी सम्मानित किया गया।

एआईकेकेएमएस के कार्यकतार्ओं ने संगठन के जिला अध्यक्ष रामकुमार निमोठ के नेतृत्व में धरना स्थल पर जाकर रामगढ़ भगवानपुर गांव का सफल आंदोलन के लिए आभार प्रकट किया। धरनास्थल पर बुजुर्गों को पगड़ी पहनाकर व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। एम्स संघर्ष समिति के अध्यक्ष बाबू कैलाश चन्द्र और एआईकेकेएमएस के जिला प्रधान रामकुमार नीमोठ ने रामगढ़ भगवानपुर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राव रामेश्वर सिंह और अभय सिंह को पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया।

सरपंच कृष्णा देवी व धरने पर हर रोज आने वाली सबसे ज्यादा उम्र की संघर्षशील माता बसंती देवी को तारा देवी एवं कृष्णा देवी ने शाल भेंट करके सम्मान किया। किसान संगठन एआईकेकेएमएस ने सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार को दोनों गांवों की एकता का प्रतीक एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर एवं अमर सिंह राजपुरा, राकेश सुनारिया, खेमचन्द ढाकिया, पवन कुमार, सुरेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, हरिओम, अजय सिंह, विजयपाल, विक्की अनिल, पवन कुमार व राकेश आदि मौजूद थे।



रेवाड़ी। बुजुर्ग महिला का सम्मान करती एआईकेकेएमएस की कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

## आर्ट ऑफ लिविंग के रक्तदान शिविर में 42 ने किया महादान



रेवाड़ी। रक्तदान शिविर के दौरान भजन संध्या में प्रस्तुति देते संस्था के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आध्यात्मिक गुरू रविशंकर के 70वें जन्मोत्सव व आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के 45 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मॉडल टाउन स्थित राधाकृष्ण मंदिर में रक्तदान शिविर व भजन संध्या का आयोजन किया गया। शिविर में मानवता की सेवा के लिए 42 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। ललिता मेमोरियल ब्लड बैंक की टीम ने रक्त एकत्रित किया। सबसे पहले रक्तदान करने वालों में केके बंसल, दौलत राम एवं रविंद्र यादव शामिल थे। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें अनिल ठकराल, चंद्रकांता, जितेन्द्र मेहंदीरत्ता, डा. सुमन सैनी एवं राजेश सहगल ने भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि व्यक्ति अपने अहंकार को सेवा करके समाप्त कर सकता है। नियमित ध्यान एवं साधना से व्यक्ति अपने राग व दोष से मुक्त हो सकता है और जीवन में शांति एवं सकारात्मकता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि संस्था विश्वभर में मानव कल्याण एवं शांतिपूर्ण समाज की स्थापना के लिए कार्य कर रही है। संस्था की ओर से विश्व स्तर पर हजारों समाजिक सेवा परियोजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं व स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नरेश कालरा, संजय गेरा, दिनेश गोयल, राजू वर्मा, भूपेन्द्र बंकल, हितेश गाबा, सुनील अरोड़ा, शक्ति नैनावत, सुषमा यादव, करण यादव, महेश आर्या, राजीव शर्मा व संस्था की प्रशिक्षक सुमन यादव सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# निकाय चुनावों की मतगणना कल स्टाफ के लिए कराया रेंडमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राज्य चुनाव आयोग हरियाणा के निदेर्शानुसार नगर परिषद और नगर पालिका धारूहेड़ा चुनाव-2026 की 13 मई को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी। इसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय में मतगणना स्टाफ की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया करवाई गई।

डीसी ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नगर निकाय चुनाव की मतगणना निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाने को प्रशासन पूरी तरह तैयार है। मतगणना के लिए रेंडमाइजेशन अति महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत होती है। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी नगर परिषद चेयरपर्सन और वार्डों के पार्षद पदों के चुनाव की मतगणना राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर 18 में करवाई जाएगी। रेवाड़ी नगर परिषद चुनाव की मतगणना 14 टेबल पर 7 राउंड में करवाई जाएगी। वहीं धारूहेड़ा नगर पालिका के चेयरपर्सन और वार्डों के पार्षद पदों के चुनाव की मतगणना खडखड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय में 4 टेबल पर 7 राउंड में करवाई जाएगी।



रेवाड़ी। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के लिए बैठक लेते अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

यह अधिकारी रहे कार्यक्रम में मौजूद इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक नगर परिषद जगनिवास, सामान्य पर्यवेक्षक नगर पालिका धारूहेड़ा तरुण कुमार पावरियां, रिटर्निंग अधिकारी धारूहेड़ा एवं एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल व नायब तहसीलदार चुनाव अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### नांदेड़ साहिब की निःशुल्क यात्रा के लिए आवेदन कल तक

**रेवाड़ी।** मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र की निःशुल्क यात्रा कराई जाएगी। यात्रा के लिए इच्छुक नागरिक 13 मई तक पंजीकरण करा सकते हैं। डीसी ने बताया कि तीर्थ यात्रा के लिए विशेष ट्रेन 15 मई को सिरसा से रेवाड़ी होते हुए नांदेड़ के लिए रवाना होगी। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के रहने, भोजन और स्थानीय परिवहन की व्यवस्था हरियाणा सरकार की ओर से की जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए तथा परिवार की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक निर्धारित की गई है। आवेदक का हरियाणा निवासी और परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। इसके साथ ही आधार कार्ड, पैन कार्ड अथवा अन्य फोटो पहचान पत्र, स्वास्थ्य फिटनेस तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने संबंधी प्रमाण भी आवश्यक होगा। नागरिक सरल हरियाणा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# कांग्रेस सबसे मजबूत पार्टी, भाजपा को वर्कर्स बनाने पड़ते हैं, हमारे लोग हर गली-मुहल्ले में : चौ. बृजेंद्र

## कांग्रेस की गाड़ी दौड़ेगी, थोड़ा समय लगेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सद्भावना यात्रा के संयोजक व कांग्रेस नेता चौ. बृजेंद्र सिंह ने कहा कि उनकी यात्रा से किनारा करने वाले पार्टी नेताओं को भगवान बुद्धी दे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से भले ही बड़ा फायदा न हो, लेकि कोई नुकसान नहीं है। चौ. बृजेंद्र सिंह सोमवार को पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस में रहते उनके पिता चौ. बिरेंद्र सिंह को जब लगा कि पार्टी में उनके रास्ते बंद हो रहे हैं, तो वह भाजपा में शामिल हो गए थे। वह खुद सरकारी नौकरी में थे। पिता के साथ वह भी भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद लगा कि कांग्रेस ही उनका असली घर है, तो उन्होंने अपने पिता के साथ कांग्रेस में वापसी की। वर्ष 2024 में कांग्रेस ज्वाइन करने से पहले ही उनकी राहुल गांधी से बातचीत चल रही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रदेश की सबसे मजबूत पार्टी है। भाजपा को कार्यकर्ता बनाने के लिए जोर लगाना पड़ता है, जबकि कांग्रेस के पास हर गली-मोहल्ले में कार्यकर्ताओं की फौज है। जरूरत है कि कार्यकर्ताओं को संगठित करने की। एक सवाल के जवाब में कांग्रेस नेता ने कहा कि सद्भावना यात्रा में एक साथ सभी वरिष्ठ नेताओं का शामिल होना संभव नहीं है। अलग-अलग जिलों में कांग्रेस नेता यात्रा में शामिल होते रहे हैं। रणदीप सुरजेवाला व कुमारी सैलजा अपने एरिया में यात्रा का हिस्सा बन चुके हैं। गुरुग्राम में यात्रा के दौरान लगभग सभी वरिष्ठ नेता नजर आएंगे।



रेवाड़ी। पत्रकारों से बातचीत करते चौ. बृजेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### पार्टी को मजबूत करने की चल रही कवायद

कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी ने प्रदेश में संगठन को मजबूती देने की कवायद एक साल से शुरू की है। संगठन बन तो रहा है, लेकिन इसकी गाड़ी को दौड़ाने में अभी और समय लगेगा। संगठन मजबूत होते ही कांग्रेस किसी भी पार्टी को टक्कर देने की स्थिति में होगी। इस मौके पर कैप्टन अजय सिंह यादव व पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव भी मौजूद थे।

### सरकारी महिलाकर्मी का अश्लील वीडियो बनाया, फिर सालों तक किया शोषण

**कनीना।** गुरुग्राम व महेंद्रगढ़ जिले में कार्यरत एक सरकारी महिला कर्मचारी को डरा धमकाकर सालों तक शारीरिक शोषण व उगाही करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने छानबीन कर आरोपित के खिलाफ कड़ी धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत के अनुसार आरोपित राजबीर निवासी बैरावास ने साल 2016 में पीड़िता से गलत पहचान बताकर संपर्क किया। इसके बाद में उसने अपनी पत्नी की बीमारी का बहाना बनाकर सहानुभूति हासिल की और 2017 में पीड़िता के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। आरोपित ने पीड़िता का नहाते समय अश्लील वीडियो भी बनाया, जिसे वायरल करने की धमकी देकर वह साल 2023 तक लगातार दुष्कर्म करता रहा। आरोपित ने न केवल पीड़िता का शारीरिक शोषण किया, बल्कि बदनामी का डर दिखाकर उससे साढ़े चार लाख रुपये नकद व 206510 रुपये आरटीजीएस के जरिए वसूल लिए।



महेंद्रगढ़। लोगों की समस्या सुनते एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

# मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना का सरकार उठाएगी पूरा खर्च

- पात्र श्रद्धालु अब 13 तक करवा सकते हैं सरल हरियाणा पोर्टल पर पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत बुजुर्ग श्रद्धालुओं को पवित्र तीर्थ स्थल तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के दर्शन के लिए पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर 13 मई कर दी गई है। पहले इसकी अंतिम तिथि 10 मई थी। अब इच्छुक श्रद्धालु 13 मई तक सरल हरियाणा पोर्टल पर नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से पंजीकरण कर सकते हैं। उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना के तहत यात्रा निःशुल्क होगी और पात्र श्रद्धालुओं को रहने व खाने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### कल तक सूचना देना अनिवार्य

डीसी ने स्पष्ट किया कि पंजीकरण करवाने वाले लाभार्थियों को 13 मई सायं पांच बजे तक पुराने लघु सचिवालय में स्थित जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय में सूचना देना अनिवार्य होगा। उन्होंने जिले के पात्र बुजुर्गों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और पवित्र धाम के दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करें। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए कुछ आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य किए गए हैं, जिनमें वैध फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य सरकारी आईडी परिवार पहचान पत्र, शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं घोषणा तथा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लेने की घोषणा शामिल है।

### एयर वाइस मार्शल मुकेश यादव बने वेपन सिस्टम्स स्कूल कमांडेंट

**नारनौल।** ग्राम शिमला के लाडले भारतीय वायुसेना के वरिष्ठ अधिकारी एयर वाइस मार्शल मुकेश कुमार यादव अति विशिष्ट सेवा पदक, वायुसेना पदक (वीरता) को वेपन सिस्टम्स स्कूल का कमांडेंट और ट्रेनिंग कमांड का कमांड फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। नेशनल डिफेंस एकेडमी से करियर की शुरुआत करने वाले एयर वाइस मार्शल यादव का 36 वर्षों की शानदार सेवा इतिहास रहा है। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा के दौरान जेएनयू से बीएससी, उस्मानिया विवि से एमफिल, अमेरिका की एयर विवि से एमएससी और आईआईटी मद्रास से एग्जीक्यूटिव एमबीए की डिग्री हासिल की है।

# सीएम विंडो अधिकारियों के हाथ की बनी कठपुतली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मोहल्ला देवस्थान निवासी अमित पाण्डे ने सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें एक शिकायत नगर परिषद की ओर से कोरियावास रोड पर नहर से आगे एक सड़क को अधूरी बनाकर छोड़ देने बारे दी थी। नगर परिषद के अधिकारियों की प्रख्यात नागरिक के हस्ताक्षर के साथ इस शिकायत को लगभग पौने दो साल बाद झूठ का सहारा लेकर बंद करने की कोशिश की, क्योंकि शहर के बहुत से सीएम विंडो पर शिकायतकर्ताओं को नगर परिषद में बुलाया था, उनके हस्ताक्षर यह कहकर लिए जा रहे थे कि आपका काम करवा दिया जाएगा, आप हस्ताक्षर कर दो। इसी कड़ी में शिकायतकर्ता अमित पाण्डे ने हस्ताक्षर के साथ यह लिख भी दिया कि संतुष्ट नहीं है, क्योंकि शिकायत बहुत लंबे समय से पेंडिंग है।



नारनौल। सीएम विंडो पर की गई शिकायत की कॉपी दिखाते हुए।

# इंतकाल के लिए ग्राम सचिव के पास जमा करवाएं दस्तावेज

## एसडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

एसडीएम योगेश सैनी (आईएएस) ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम योगेश सैनी ने राजस्व अधिकारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को बीपीएल प्लॉट के इंतकाल संबंधित कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में विभिन्न जनहित कार्यों की समीक्षा करते हुए एसडीएम ने निर्देश दिए कि जिन बीपीएल परिवार के पात्र व्यक्तियों को मिले हुए प्लॉट का अभी तक इंतकाल दर्ज नहीं हुआ है, उनके इंतकाल संबंधित कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। एसडीएम ने बीपीएल बस्ती में मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं बिजली, पानी व गलियों के निर्माण बारे अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि जिन बीपीएल परिवारों के प्लॉट का इंतकाल अभी तक नहीं हुआ है वे सभी उम्मीदवार अपने संबंधित दस्तावेजो को अपने ग्राम पंचायत सचिव के पास जमा करवाएं ताकि पात्र परिवारों के इंतकाल दर्ज हो सके। इस अवसर पर तहसीलदार अजय सिंह, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी मनोज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### कार्यक्रम के जरिए तकनीकी प्रगति और वैज्ञानिक नवाचार का किया प्रदर्शन

# राजकीय आईटीआई में मनाया 28वां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को 28वां राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा खेतानाथ प्रौद्योगिकी संस्थान से विकास व संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर देश की तकनीकी प्रगति और वैज्ञानिक नवाचारों को रेखांकित करने के लिए विभिन्न शैक्षणिक और प्रतियोगी कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास ने बताया कि वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की मुख्य थीम जिम्मेदार नवाचार के माध्यम से समावेशी विकास निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि तकनीक का उद्देश्य केवल विकास नहींए बल्कि नैतिक और संतुलित उपयोग होना चाहिए, ताकि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच की डिजिटल खाई को पाटा जा सके। संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद खंगवाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रक्षा प्रणाली, अंतरिक्ष और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भारत तेजी से स्वदेशी नवाचार कर रहा है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों और स्टार्टअप्स की ओर से विकसित आधुनिक तकनीकों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना है। एनसीसी प्रभारी एवं युवा मामलों के जिला नोडल अधिकारी मेजर वीरेंद्र कुमार सेकवाल ने बताया कि आज के दिन पूरे देश में तकनीकी चेतना का प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में संस्थान में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। मेजर सेकवाल ने बताया कि देशभर के विज्ञान केंद्रों जैसे आंचलिक विज्ञान केन्द्र भोपाल में भी लाइव प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिससे शोधकर्ताओं और छात्रों को प्रोत्साहन मिल रहा है।



नारनौल। जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

प्रदर्शनी में राजकीय आईटीआई से संजय व प्रिंस प्रथम, राजकीय आईटीआई महेंद्रगढ़ से निखिल और सोनू द्वितीय, पोस्टर मेकिंग में राजकीय आईटीआई से अनमोल प्रथम, राजकीय महाविद्यालय महेंद्रगढ़ से अमित शर्मा द्वितीय, भाषण प्रतियोगिता में राजकीय आईटीआई से कविता प्रथम, राजकीय आईटीआई भोजावास से अंकित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर राजकीय कॉलेज महेंद्रगढ़ से डॉ. विकास गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक सतनारायण जांगड़ा, महेंद्रगढ़ राजकीय आईटीआई के इंचार्ज संदीप यादव, डेरोली अहीर राजकीय आईटीआई के इंचार्ज राकेश सैनी, भोजावास राजकीय आईटीआई की इंचार्ज प्रमिला यादव, सुनील कोसलिया, जगदीश, अमित, राजेश, सुदर्शन, मनीषा यादव, अशोक, नीरज, शक्ति सिंह आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, रोहित यादव पुत्र श्री धर्मेन्द्र यादव निवासी ग्राम कोसली तह. कोसली जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मैंने दसवी कक्षा की परीक्षा सीबीएसई दिल्ली से जून 2017 में रोल नंबर 2338773 तथा रजि. नंबर सी 117/20271/0008 से उत्तीर्ण की थी जिसके सर्टिफिकेट में मेरी माता का नाम पुष्पा दर्ज है जबकि मेरी माता का सही व दुरूस्त नाम पुष्पा देवी है जो कि उनके अन्य सभी दस्तावेजों में भी दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### नॉन-फायर कुकिंग प्रतियोगिता कराई

रेवाड़ी। राज इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को 'फ्लेवर फिएस्टा' थीम पर नॉन-फायर कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, टीमवर्क और स्वस्थ खानपान के प्रति जागरूकता विकसित करना था। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने आग रहित स्वादिष्ट, पौष्टिक एवं आकर्षक व्यंजन तैयार किए। विद्यार्थियों ने अपनी पाक-कला और रचनात्मक क्षमता का शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न व्यंजनों को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन स्वाद, प्रस्तुति, स्वच्छता और रचनात्मकता के आधार पर किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### छात्र धीरे-धीरे किताबें पढ़ने की आदत खो रहे

रेवाड़ी। माउंट हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के सीनियर कोऑर्डिनेटर रोहित जांगिड़ ने 29 वर्ष की आयु में शिक्षा के क्षेत्र में अपने योगदान से उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। अपनी इनोवेटिव विजन और विद्यार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण के लिए जाने जाने वाले रोहित छात्रों में शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ नैतिक और चारित्रिक विकास को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। रोहित पुस्तकालय संस्कृति के महत्व पर जोर देते हैं और इस बात से चिंतित हैं कि डिजिटल युग में छात्र धीरे-धीरे किताबें पढ़ने की आदत खो रहे हैं। वे छात्रों को पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित करते हैं।

### डा. मुकुट का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज

रेवाड़ी। हरियाणा की हिंदी-पत्रकारिता के विकास में नित्य हलचल की भूमिका विषय पर किसी भी सांध्य हिंदी-दैनिक पर पीएचडी करने में मुकुट अग्रवाल का नाम प्रथम शोधार्थी के रूप में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। उन्होंने सिंघानिया विश्वविद्यालय राजस्थान से पीएचडी की है। डा. मुकुट को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स प्रबंधन की ओर से प्रमाण-पत्र, मेडल, प्रतीक-चिह्न और टीशर्ट भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विवि के कुलपति तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी डा. मनोज कुमार गर्ग ने कहा कि डा. अग्रवाल की उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए भी गौरव और गर्व का विषय है।

## बारिश के बाद शहर में जगह-जगह हुआ जलभराव

# झमाझम बारिश से कूल हुआ मौसम, बाद में उमस ने जमकर निकाला पसीना

**कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली गिरी, परंतु इससे जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मौसम का मिजाज बार-बार बदल रहा है। कभी आसमान साफ हो जाता है, तो कभी अचानक बादल छा जाते हैं। सुबह के समय बारिश होने के बाद मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया। इसके बाद तेज धूप निकलते ही उमस भरी गर्मी ने जमकर पसीना छुड़ाया। लगभग आधे घंटे की बारिश में ही शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार से दो-तीन दिन तक मौसम में बार-बार बदलाव की संभावना जताई जा रही है। सोमवार को सुबह के समय आसमान साफ रहा। लगभग साढ़े 9 बजे अचानक तेज आंधी के साथ बादल छाए और आधे घंटे तक हल्की बारिश हुई। कुछ इलाकों में आकाशीय बिजली भी गिरी, परंतु इससे जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। बारिश के बाद आसमान पूरी तरह से साफ हो गया। अधिकतम तापमान 3.5 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 35.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 2.5 डिग्री बढ़कर 25.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हवा में नमी का स्तर 35 प्रतिशत तक रहा, जबकि आंधी के बाद हवा की रफ्तार कम होकर 8 किलोमीटर प्रति घंटा तक आ गई। बीते साल 11 मई को अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री और न्यूनतम 19.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सुबह के समय बारिश होते ही मौसम कूल हो गया। दोपहर तक तेज धूप और हवा में नमी ने वातावरण में उमस पैदा कर दी, जिससे तापमान में कमी के बावजूद गर्मी शाम तक पसीना छुड़ाने लगी। कूलरों की हवा तक ने काम करना बंद कर दिया। मौसम में बार-बार बदलाव के चलते लू का प्रकोप एक सप्ताह से भी अधिक समय से बंद है, जिससे लोगों को काफी राहत मिली हुई है। लू के स्थान पर उमस जरूर परेशान कर रही है।



रेवाड़ी। बावल रोड पर बारिश के बाद एकत्रित पानी।

**इस समय बिजली की खपत**
(खपत लाख यूनिट में)

| | |
|---|---|
| 5 मई | 82.24 |
| 6 मई | 83.93 |
| 7 मई | 81.79 |
| 8 मई | 82.19 |
| 9 मई | 87.40 |
| 10 मई | 81.10 |

न्यूनतम खपत (Minimum): 10 मई
अधिकतम खपत (Maximum): 9 मई
गर्मियों में बढ़ती मांग: एक नज़र

### विक्षोभ की सक्रियता से बदलाव

मौसम विभाग के अनुसार बार-बार कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। अगले दो-तीन दिन तक आंधी के साथ बूंदाबांदी या बारिश हो सकती है। इसके बावजूद तापमान में ज्यादा गिरावट आने की संभावना नहीं है। तापमान में कमी की बजाय वृद्धि दर्ज की जा सकती है। लोगों को अगले कुछ दिनों तक उमस भरी का सामना करना पड़ सकता है। मई के दूसरे पखवाड़े में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे लोगों को एक बार फिर लू के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा।

### शहर हुआ पानी-पानी

तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने आधे घंटे में ही शहर में पानी ही पानी कर दिया। लगभग आधे घंटे में ही सड़कों के निचले एरिया में पानी एकत्रित हो गया। इससे सड़कों से गुजरने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज धूप निकलने के बाद पानी तो सूख गया, लेकिन कीचड़ ने लोगों को काफी परेशान किया। खासकर दुपहिया वाहन चालकों को कीचड़ से परेशानी उठानी पड़ी। बावल रोड और राजेश पायलट चौक के आसपास जलभराव की स्थिति बनी रही।

### गर्मी से बढ़ी बिजली की खपत

गर्मी का असर बढ़ने के साथ ही बिजली की दैनिक खपत भी बढ़ रही है। मई के शुरू में मौसम ठंडा होते ही बिजली की दैनिक खपत 65 लाख यूनिट के आसपास आ गई थी। बीते 5 मई से इसमें वृद्धि होना शुरू हो गया था। अब बिजली की दैनिक खपत 80 लाख यूनिट के पार पहुंच चुकी है। आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने पर यह 90 लाख यूनिट का आंकड़ा पार कर सकती है। धारूहेड़ा का एक्यूआई भी मौसम के कारण 182 पर पहुंच गया, जिसमें और वृद्धि हो सकती है।



■ एक सप्ताह में आठ सौ वाहनों के काटे चालान

रेवाड़ी। विशेष अभियान के तहत वाहन चालकों की जांच करते पुलिसकर्मी।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर पुलिस का एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह तक विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 800 वाहनों के चालान काटे। एडीजीपी ट्रैफिक एंड हाइवे हरदीप सिंह दून के आदेश पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने पुलिस अधिकारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। यह अभियान गत 4 मई को शुरू किया गया था। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी और प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक हेमेन्द्र कुमार मीणा ने बताया कि जिला पुलिस ने इस सप्ताह के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 9 वाहन चालकों के चालान किए। अक्सर देखने में आता है कि रात्रि के समय काफी वाहन चालक नशे में धुत होकर वाहन चलाते हैं जिससे वह अपने आप को तो खतरे में डालते ही हैं साथ में सड़क पर चल रहे अन्य वाहन चालक के लिए भी खतरा बन जाते हैं। शराब पीकर गाड़ी चलाना सड़क दुर्घटनाओं की बड़ी वजह बनता है। कुछ लोग गाड़ी में तेज डीजे व प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने के साथ-साथ लोगों में दहशत और असुविधा पैदा करते हैं। कई बार इस तरह की हरकतें सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाती हैं। इस सप्ताह के दौरान पुलिस ने गाड़ी में तेज डीजे व प्रेशर हॉर्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वाले व बुलेट पटाखा छोड़कर हवा बाजी करने वाले एक वाहन चालक का चालान किया।


### कानून व्यवस्था के साथ समझौता नहीं

एसपी ने बताया कि पुलिस आमजन को विश्वास दिलाती है कि शहर में कानून-व्यवस्था और सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील है कि गाड़ियों में ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करें। नशे की हालत में वाहन चलाकर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। बुलेट मोटरसाइकिल पर पटाखा छोड़ने व ध्वनि प्रदूषण करने से बचें।

# एनएचएआई की जमीन पर अतिक्रमण पुलों के नीचे फड़ लगा रहे दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खोरी

रेवाड़ी-जैसलमेर नेशनल हाइवे के फ्लाईओवर के नीचे की जमीन दुकानदारों से लेकर एनएचएआई के कर्मचारियों तक के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही है। पुलों के नीचे बड़ी संख्या में दुकानदारों ने फड़ लगाकर अतिक्रमण किया हुआ है। इससे पुलों के नीचे हादसों की आशंका भी बनी रहती है। जैसलमेर नेशनल हाइवे पर जिले की सीमा में चार ऐसे फ्लाईओवर पड़ते हैं, जिनके नीचे अंडरपास बने हुए हैं। इन अंडरपास से वाहन क्रॉस होते हैं। खोरी, कुंड और कुंड बैरियर के फ्लाईओवर के नीचे की जमीन पर दुकानदारों ने अतिक्रमण कर लिया है। बड़ी संख्या में दुकानदार पुलों के नीचे फल, सब्जियों और फास्ट फूड की दुकानें चला रहे हैं। इससे फ्लाईओवरों के नीचे की जमीन अतिक्रमण की चपेट में आ चुकी है। सूत्रों के अनुसार एनएचएआई के कर्मचारी इन दुकानदारों से नियमित अंतराल के बाद पैसे की वसूली करते हैं, जिससे इन दुकानों को हटाया नहीं जा रहा है। पुलों के नीचे बनी इन अस्थाई दुकानों के कारण हादसों की आशंका भी बनी रहती है। बिना किराया अदा किए दुकानदार मामूली मंथली से अपना धंधा चला रहे हैं। रेहड़ियों के कारण बाइपास से वाहनों का निकलना तक मुश्किल बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से अवैध रूप से लगाई जाने वाली रेहड़ियों को हटवाने की मांग की है।



खोरी। फ्लाईओवर के नीचे एनएचएआई की जमीन पर लगी फड़ व रेहड़ियों।

# अभेद्य एप का डबल ओटीपी सिस्टम साइबर अपराध रोकने में सुरक्षा की दीवार: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डिजिटल युग में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर लगाम लगाने और आमजन को आर्थिक ठगी से बचाने के लिए हरियाणा पुलिस अभेद्य एप लॉन्च कर लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया हुआ है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल के दिशा-निर्देशानुसार एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिलेवासियों के लिए विशेष साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक कर डिजिटल ठगी से सुरक्षित रखना है।



एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा

अभेद्य एप बनेगा साइबर सुरक्षा की ढाल। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने साइबर अपराधों को रोकने के लिए अभेद्य एप को एक प्रभावी कदम बताया है। यह एप अंतरराष्ट्रीय, वर्चुअल और मास्क किए गए संदिग्ध नंबरों से आने वाली कॉल्स व व्हाट्सएप संदेशों को उपयोगकर्ता तक पहुंचने से पहले ही ब्लॉक कर देता है। एसपी ने कहा कि इससे ब्लैकमेलिंग, धमकी और साइबर ठगी जैसी घटनाओं पर काफी हद तक रोक लगेगी। साथ ही संदिग्ध नंबरों का डेटा बैकएंड में सुरक्षित रहने से अपराधियों तक पहुंचना भी आसान होगा।

### डबल ओटीपी सुरक्षा व्यवस्था आधार

एचडीएफसी बैंक के सहयोग से शुरू किए गए ड्यूल ओटीपी सिस्टम के तहत 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए बड़े लेनदेन के समय दो ओटीपी की आवश्यकता होगी। एक ओटीपी खाताधारक और दूसरा परिवार के विश्वसनीय सदस्य के पास जाएगा। दोनों ओटीपी दर्ज होने के बाद ही ट्रांजेक्शन पूरा होगा। इससे जल्दबाजी और मानसिक दबाव में होने वाली ठगी पर रोक लगेगी। एसपी ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल अरेस्ट नामक साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहा है। साइबर ठग खुद को सीबीआई, पुलिस या अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर वीडियो कॉल करते हैं और लोगों को डराकर घर में ही नजरबंद होने का झूठा नाटक रचते हैं। इसके बाद वे बैंक खातों की जानकारी और पैसे ऐंठने का प्रयास करते हैं। एसपी ने स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल के माध्यम से ऐसी कार्रवाई नहीं करती।

### शराब का ठेका हटवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बावल। बाधोज गांव की महिलाओं ने सोमवार को मेन रोड पर खुले शराब के ठेके को बंद कराने की मांग को लेकर एसडीएम के नाम का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महिलाओं ने शराब का ठेका दूसरी जगह शिफ्ट कराने की मांग की।र मनीषा, सविता, सुरेशा देवी, पूनम, सुमन, सृष्टि देवी, बाला, सरिता, लक्ष्मी देवी, कृष्णा व बबीता आदि महिलाएं एकत्रित होकर एसडीएम ऑफिस पहुंची। महिलाओं ने बताया कि गांव के मेन रोड पर शराब का ठेका खोला गया है। यह रोड खेतों की ओर जाता है। महिलाओं का आवागमन इसी रोड से होता है। शराब ठेके के पास शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जो वहां से गुजरने वाली महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं। महिलाओं को ठेके के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं ने ज्ञापन में चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन ने जल्द इस ठेके को नहीं हटवाया, तो महिलाएं ठेके को स्वयं उखाड़ फेकेंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।



तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### विद्यार्थियों का भव्य सनातनी सांस्कृतिक कार्यक्रम मनाया

कोसली। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आरपीएस स्कूल के विद्यार्थियों ने प्राचीन शिव मंदिर परिसर में भव्य सनातनी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने धार्मिक स्तुति एवं शिव तांडव, शिव नृत्य के साथ शिव की महिमा के गुणगान के माध्यम से भारतीय सनातनी संस्कृति एवं गौरव का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने वहां उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। पूरे इलाके के लोग आरपीएस स्कूल कोसली के बच्चों के सनातनी संस्कृति कार्यक्रम को देखकर अत्यंत प्रभावित एवं भाव-विभोर हुए।

# सीटीएम ने समाधान शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीटीएम जितेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में आमजन की शिकायतें सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान शिविर में आई शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव रामगढ़ में नाली बंद होने की शिकायत पर सीटीएम जितेंद्र कुमार ने पंचायत विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे गांव की नाली को खुलवाया जाए, ताकि पानी की निकासी हो सके। ग्राम पंचायत मुंदी में रास्ते पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत पर सीटीएम ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को जांच करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गांव मोहदीनपुर में जोहड़ की मिट्टी अवैध रूप से उठाने के शिकायत पर सीटीएम ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को जांच करते संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गांव गोठड़ा टप्पा डहीना में चौपाल में लगे ताले की शिकायत पर सीटीएम ने पंचायत विभाग के अधिकारियों को ताला खुलवाने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में बिजली विभाग, पुलिस, परिवार पहचान पत्र, पेंशन व पानी से संबंधित शिकायतों पर सीटीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए।



रेवाड़ी। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम जितेंद्र कुमार।



### अग्निशमन कर्मियों का धरना जारी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी

रेवाड़ी। अग्निशमन कर्मियों का धरना सोमवार को भी जारी रहा। मांगों को लेकर अग्निशमन कर्मचारी गत 8 अप्रैल से नियमित रूप से धरना दे रहे हैं। धरने के दौरान कर्मचारियों ने मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। अग्निशमन कर्मचारी संघ के प्रधान नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में चल रहे धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने मांग की कि सरकार फरीदाबाद की कंपनी में लगी आग में मारे गए अग्निशमन कर्मचारियों को शहीद का दर्जा प्रदान करे। कर्मचारियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की सहायता और मृतकों के परिजनों को पक्की नौकरी दे। विभाग के अस्थाई कर्मियों को पक्का किया जाए। पुलिस विभाग की तर्ज पर अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को भी जोखिम भत्ते के रूप में 5000 रुपये का भुगतान करे। सरकार विभागीय कर्मचारियों को समान कार्य के बदले समान वेतन की नीति के आधार वेतन का भुगतान करे। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि अगर सरकार जल्द उनकी मांगों पर विचार नहीं करती है, तो प्रदेश इकाई की ओर से आंदोलन तेज किया जाएगा।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर डीसी ने किया जलाभिषेक, प्राचीन शिव मंदिर में हुआ कार्यक्रम

# भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है सोमनाथ मंदिर: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

प्राचीन शिव मंदिर कोसली में सोमवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह में डीसी अभिषेक मीणा मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता एसडीएम विजय कुमार यादव ने की। समारोह में बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ के महंत शिव पुरी, शिव मंदिर के महंत स्वामी रामदास, भाजपा के वरिष्ठ नेता वीर कुमार यादव, डीएसपी विद्यानंद आदि मौजूद रहे। सोमनाथ मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए गए सर्वप्रथम बाबा मुक्तेश्वर पुरी मठ मंदिर से स्वामी रामदास के नेतृत्व में कलश यात्रा प्रारंभ हुई। भक्ति गीतों के साथ निकाली गई इस यात्रा में सैकड़ों महिला श्रद्धालुओं उत्साहपूर्वक भाग लिया। मठ मंदिर से बस अड्डा कोसली, मेन बाजार, गुडियानी मोड़ होती हुई यह यात्रा शिव मंदिर में संपन्न हुई। मुख्य अतिथि डीसी अभिषेक मीणा ने शिव मंदिर में भगवान महादेव का जलाभिषेक किया। रामचंद शास्त्री ने मंत्रोच्चारण के साथ यह पूजा-अर्चना करवाई। इसके उपरांत मंदिर सभागार में आयोजित हुए समारोह में आरपीएस स्कूल कोसली व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भाकली के विद्यार्थियों ने शिव भक्ति पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। भव्य कलश यात्रा एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे मंदिर प्रांगण को भक्तिमय बना दिया। सोमनाथ मंदिर भारत की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।



कोसली। कलश यात्रा में भाग लेती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### पीएम मोदी का लाइव प्रसारण देखा

इस अवसर पर गुजरात के सोमनाथ मंदिर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय समारोह से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संदेश का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर दिखाया गया। मंदिर सभागार व प्रांगण दोनों स्थानों पर ये एलईडी लगाई गई। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सोमनाथ मंदिर भारत की राष्ट्रीय अस्मिता, अमर सांस्कृतिक चेतना, आस्था और स्वाभिमान का प्रतीक है। अनेक आक्रमणों और चुनौतियों के बावजूद सोमनाथ मंदिर का बार-बार पुनर्निर्माण होना यह दर्शाता है कि सनातन संस्कृति को कोई नहीं मिटा सकता।

### गौरव गाथा पर लगाई प्रदर्शनी

प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा सोमनाथ मंदिर की एक हजार वर्ष की गौरवशाली यात्रा पर आधारित विशेष प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार नेहा यादव, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक अमित पवार, बीडीपीओ अनिल कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कांस्वा, उप अधीक्षक राजेश कुमार, एसएमओ डा. विक्रम ढ्ढ्रसह, एसडीओ सुमित कुमार, एसइपीओ संजीव कुमार, पंचायत सचिव मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।